# राजस्थान समसामयिकी नवम्बर, 2025

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी नवम्बर, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 November, 2025

### राजस्थान को 'एक्सीलेंस इन विंड एंड हाइब्रिड पॉलिसी' पुरस्कार मिला–

30-31 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने चेन्नई में आयोजित 'विंडर्जी इंडिया 2025' सम्मेलन में राजस्थान को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया।

## Newspaper of 2 November, 2025

### राजस्थान को 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों में पहला स्थान मिला–

राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं में पहला स्थान प्राप्त किया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के आयोजन में राजस्थान पूरे देश में शीर्ष स्थान पर रहा।

केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय के 'योगा संगम पोर्टल' के अनुसार राजस्थान 62 हजार 915 स्थलों पर 85 लाख 31 हजार 185 प्रतिभागियों के साथ पूरे भारत में प्रथम स्थान पर रहा। अंग व प्रत्यारोपण में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित गतिविधियों, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ 2025) के तहत पॉलिसियाँ जारी करने, कृषि क्षेत्र पीएम किसान लाभार्थियों की आईडी बनाने, स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के अंतर्गत स्वच्छता लक्षित इकाइयों को रूपांतरित करने, अक्षय एवं सौर ऊर्जा क्षमता स्थापना में राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान मिला।

## Newspaper of 5 November, 2025

### डिस्कॉम ने नेट मीटरिंग दरों में 25% की बढ़ोतरी की; ₹ 2.71 की जगह अब ₹ 3.26 प्रति यूनिट मिलेंगे–

डिस्कॉम को रूफटॉप सोलर पैनल के जरिए बिजली उत्पादन कर सप्लाई करने के बदले उन्हें 25 प्रतिशत ज्यादा भुगतान मिलेगा, जो करीब 55 पैसे प्रति यूनिट होगा। डिस्कॉम ने सोलर-एनर्जी के फीड-इन टैरिफ रेट (नेट मीटरिंग) में भुगतान दर 2.71 रुपए से बढ़ाकर 3.26 रुपए प्रति यूनिट कर दी है। यानी अब जो उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन करते हैं और अतिरिक्त बिजली ग्रिड को देते हैं, उन्हें पहले से ज्यादा दर पर भुगतान किया जाएगा। इसी तरह नेट बिलिंग के उपभोक्ताओं के लिए दर भी 3.04 रुपए से बढ़ाकर 3.65 रुपए यूनिट की गई है।

अभी 1.36 लाख घरेलू उपभोक्ताओं के 1773 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर पैनल लगे हुए है, जिन्हें तत्काल इसका फायदा मिलेगा। नए जुड़ने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी यह लागू होगा।

**इस तरह फायदे का दावा–**

- बिजली के बिल में कमी।
- खाली जगह का ज्यादा से ज्यादा उपयोग।
- प्रदूषण में कमी लाना।
- सौर ऊर्जा उत्पादन में जन-सहभागिता को बढ़ावा।
- कार्बन उत्सर्जन कम करना।

उल्लेखनीय है कि बिल्डिंग बायलॉज में 500 वर्गमीटर से ज्यादा क्षेत्रफल के आवासीय भवन, इमारतों में सोलर पैनल लगाना अनिवार्य है। इसमें अस्पताल, होटल-मोटल, रिसोर्ट, धर्मशाला, अतिथि गृह, छात्रावास, सामुदायिक केन्द्र भी शामिल हैं।

## Newspaper of 6 November, 2025

### मोबाइल पर दिखेगा कॉल करने वाले का 'सही नाम'; प्रदेश के 6.50 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता जुड़ेंगे–

अब मोबाइल पर कॉल आने पर कॉल करने वाले का वास्तविक नाम दिखाई देगा। यह वही नाम होगा, जो व्यक्ति ने सिम कार्ड लेते समय अपने पहचान पत्र में दर्ज कराया था। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) और दूरसंचार विभाग ने 'कॉलिंग नंबर आइडेंटिफिकेशन' को लेकर राजस्थान में भी तैयारी कर ली है। हरियाणा में ट्रायल पूरा हो चुका है। अभी जिन नंबरों को सेव नहीं किया जाता, उनके लिए लोग निजी मोबाइल एप्लीकेशन पर निर्भर रहते हैं। ये ऐप अपने डेटाबेस के आधार पर नाम दिखाते हैं, जो कई बार गलत होते हैं और डेटा लीक का खतरा भी बना रहता है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

राजस्थान में 6.50 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता है। इस नई सुविधा के बाद मोबाइल स्क्रीन पर वहीं नाम दिखाई देगा। जो सिम कार्ड के केवाईसी डॉक्युमेंट्स में दर्ज है।
यह सुविधा केवल 3जी, 4जी और 5जी उपभोक्ताओं को मिलेगी। 2जी मोबाइल सेवा से जुड़े यूजर्स इसका लाभ नहीं ले पाएंगे, क्योंकि उनका डेटाबेस इस सिस्टम को सपोर्ट नहीं करेगा।

**उपभोक्ताओं के लिए फायदे–**

- ♦ स्कैम कॉल्स और साइबर फ्रॉड की पहचान तुरंत संभव होगी।
- ♦ निजी ऐप्स के जरिए डेटा लीक का खतरा कम होगा।
- ♦ सरकारी सिस्टम में आपकी जानकारी सुरक्षित रहेगी।

■ **अन्तरराष्ट्रीय श्री पुष्कर मेला-2025 सम्पन्न हुआ–**

30 अक्टूबर से 5 नवम्बर, 2025 को पुष्कर (अजमेर) में आयोजित। इसे 'पुष्कर ऊँट मेला' या 'कार्तिक मेला' भी कहते हैं।

**प्रमुख तथ्य एवं रिकॉर्ड–**पशु संख्या : मेले में कुल 6415 पशु आए (सर्वाधिक 4957 अश्व)।

मिल्क रिकॉर्ड : अमजद (अजमेर) की गाय ने 24 घंटे में 39.673 किलो दूध देकर नया रिकॉर्ड बनाया।

## Newspaper of 9 November, 2025

■ **माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान (RBSE) वर्ष 2026-27 से विद्यार्थियों को दो बार बोर्ड परीक्षा का अवसर प्रदान करेगा–**

8 नवम्बर, 2025 को राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा की गई घोषणा के तहत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान (आरबीएसई) शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यार्थियों को दो बार बोर्ड परीक्षा का अवसर प्रदान करेगा। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुसार अगले सत्र से दो बार बोर्ड परीक्षा ली जाएगी। सभी विद्यार्थियों के लिए प्रथम बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। पास होने वाले स्टूडेंट्स को सभी सब्जेक्ट में से किन्हीं तीन सब्जेक्ट में दूसरी परीक्षा में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की अनुमति दी जाएगी।

वर्ष में एक बार मुख्य परीक्षा फरवरी-मार्च में और उसी सत्र में दूसरी परीक्षा मई-जून में आयोजित की जाएगी।

## Newspaper of 11 November, 2025

■ **जयपुर नगर निगम 'हैरिटेज' व जयपुर नगर निगम 'ग्रेटर' को पुनः जयपुर नगर निगम में समाहित कर एक नगर निगम बनाया गया; निगम की सीमा क्षेत्र में अब कुल 13 जोन बनाए–**

हाल ही में जयपुर नगर निगम 'हैरिटेज' व जयपुर नगर निगम 'ग्रेटर' को पुनः जयपुर नगर निगम में समाहित कर एक नगर निगम बनाया है इसमें नगर निगम की सीमा को 13 जोन में बांटा गया है जो निम्न हैं–

**जयपुर नगर निगम का जोनवार विवरण–**

| जोन | | कुल वार्ड |
|---|---|---|
| ♦ विद्याधर नगर (मुरलीपुरा) | – | 11 |
| ♦ विद्याधर नगर (विद्याधर नगर) | – | 11 |
| ♦ झोटवाड़ा (झोटवाड़ा) | – | 05 |
| ♦ झोटवाड़ा (वैशाली नगर) | – | 10 |
| ♦ सांगानेर (मानसरोवर) | – | 11 |
| ♦ सांगानेर (सांगानेर) | – | 10 |
| ♦ बगरू (झालाना) | – | 08 |
| ♦ बगरू (जगतपुरा) | – | 06 |
| ♦ मालवीय नगर | – | 15 |
| ♦ सिविल लाइन्स | – | 16 |
| ♦ किशनपोल | – | 12 |
| ♦ आदर्श नगर | – | 17 |
| ♦ आमेर-हवामहल | – | 18 |

## Newspaper of 13 November, 2025

■ **हाल ही में राजस्थान की 94 वर्षीय एथलीट पाना देवी गोदारा उर्फ 'गोल्डन दादी' ने चैन्नई में हुई 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 मीटर दौड़, शॉट पुट, जैवलिन और डिस्कस थ्रो में चार गोल्ड जीते। उल्लेखनीय है कि वे अब तक 16 गोल्ड जीत चुकी हैं।**

■ **प्रोफेसर पृथ्वी सिंह कांधल को सड़क निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वर्ष-2025 का 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित आइआरसी के 84वें वार्षिक सत्र के उद्घाटन समारोह में दिया गया है।**

■ **वंदे मातरम् @150 उत्सव का आयोजन–**

7 नवम्बर, 2025 को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका मुख्य राज्य-स्तरीय समारोह एसएमएस स्टेडियम, जयपुर में आयोजित हुआ।
7 नवम्बर से 26 नवम्बर (संविधान दिवस) तक सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में 'वंदे मातरम्' का सामूहिक वाचन किया गया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

सरकारी कार्यालयों (10 नवम्बर), नगर निकायों (11 नवम्बर) और पंचायती राज संस्थानों (12 नवम्बर) सहित विभिन्न स्तरों पर 'वंदे मातरम्' और 'स्वदेशी संकल्प' कार्यक्रम आयोजित हुए।

## Newspaper of 14 November, 2025

- **भीलवाड़ा के कोचरिया क्षेत्र में गारनेट के विशाल भंडार मिले–**

भीलवाड़ा से करीब 26 किमी दूर कोचरिया क्षेत्र में गारनेट के विशाल भंडार मिले हैं। खान निदेशालय की जियोलॉजिकल सर्वे टीम ने 45 दिन की मेहनत के बाद सफलता हासिल की है। अब इस खोज की रिपोर्ट भारतीय खान ब्यूरो (आइबीएम) नागपुर को भेजी गई है, जिसकी पुष्टि होते ही 73.62 हेक्टेयर क्षेत्र की लीज नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह प्रदेश का पहला मौका होगा जब राज्य में गारनेट खनिज की लीज नीलामी के लिए रखी जाएगी।

गारनेट की यह लीज कोचरिया और सुंदरपुरा तक लगभग 73.62 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। गारनेट क्रिस्टल का आकार 2 से 5 सेमी व्यास तक है, और यह 50 मीटर से 180 मीटर की चौड़ाई में दो शाखाओं में विभाजित है।

**गारनेट और उसका उपयोग–**गारनेट सिलिकेट खनिजों का एक समूह है, जिसे अक्सर गहरे लाल रंग के अर्ध-कीमती रत्न के रूप में जाना जाता है। यह हरे, नारंगी, पीले और गुलाबी जैसे अन्य रंगों में भी पाया जाता हैं। इसका मुख्य उपयोग गहनों में होता है।

- **वाटरशेड महोत्सव 2025 का राज्य-स्तरीय शुभारंभ शुरू हुआ–**

13 नवम्बर, 2025 को राजस्थान में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत 'वाटरशेड महोत्सव 2025' का राज्य-स्तरीय शुभारम्भ शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के मुख्य आतिथ्य में कोटा जिले की खैराबाद तहसील के उंडवा गाँव में किया गया।

**प्रमुख घोषणाएँ एवं अभियान**

**मोबाइल सीड बैंक मॉड्यूल–**वानस्पतिक बीज बैंकों की मॉनिटरिंग के लिए मॉड्यूल का शुभारंभ। राजस्थान पहला राज्य है जहाँ देशी वनस्पतियों के लिए बीज बैंक बनाए गए हैं।

## Newspaper of 15 November, 2025

- **अंता विधानसभा उपचुनाव-2025 में कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया विजयी घोषित–**

राजस्थान की अंता (बारां) विधानसभा सीट (संख्या 193) पर 11 नवम्बर, 2025 को मतदान और 14 नवम्बर, 2025 को हुई मतगणना में कांग्रेस पार्टी ने जीत हासिल की।

**चुनाव परिणाम–**

- **विजेता :** प्रमोद जैन भाया (कांग्रेस)–69,571 मत।
- **निकटतम प्रतिद्वंद्वी :** मोरपाल सुमन (भाजपा)–53,959 मत।
- **जीत का अंतर :** 15,612

उल्लेखनीय है कि यह सीट भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता रद्द होने (मई 2025) के कारण रिक्त हुई थी। उन्हें राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा एक मामले में 3 साल की सजा सुनाए जाने के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अयोग्य घोषित किया था।

## Newspaper of 17 November, 2025

- **वरिष्ठ आइ. ए. एस. वी श्रीनिवास राजस्थान के नए मुख्य सचिव बने–**

हाल ही में 1989 बैच के वरिष्ठ आइएएस वी. श्रीनिवास को राजस्थान का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वे 36 वर्ष की सेवाकाल में 17 वर्ष डेपुटेशन पर रहे। श्रीनिवास दिसंबर 2018 से अब तक केन्द्र में प्रतिनियुक्ति पर थे। श्रीनिवास ने डिजिटल भारत के सपने को साकार करने में बड़ी भूमिका निभाई। दिल्ली एम्स में डिजिटल एम्स प्रोजेक्ट लॉन्च कर मरीजों को कतारों से छुटकारा दिलाया। अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (आईआईएएस) के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय आईएएस हैं। इनके पास मुख्य सचिव के साथ खान एवं खनिज निगम लिमिटेड उदयपुर के चेयरमैन व मुख्य आवासीय आयुक्त नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार भी होगा।

## Newspaper of 19 November, 2025

- **हाल ही में राजस्थान को तीसरी बार जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राजस्थान ने सर्वश्रेष्ठ राज्यों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राजस्थान के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त सचिव एवं मुख्य अभियन्ता भुवन भास्कर ने पुरस्कार प्राप्त किया। उत्कृष्ट जिलों की श्रेणी में बाड़मेर जिले का जल संरक्षण की दिशा में अतुलनीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त हुआ है।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## ■ जालोर में बनेगा इनलैंड पोर्ट; अरब सागर से जुड़ेगा–

राजस्थान अब सीधे समुद्री कनेक्टिविटी से जुड़ने की तैयारी में है। प्रदेश का जालोर जिला कच्छ की खाड़ी के जरिए अरब सागर से सीधे जुड़ेगा। इसके लिए जालोर में इनलैंड पोर्ट (वाटर-वे) बनाया जाएगा। कांडला पोर्ट से जालोर तक करीब 262 किलोमीटर लंबा जलमार्ग बनाया जाएगा, जिसके लिए 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की ड्रेजिंग पर खर्च प्रस्तावित है। प्रदेश लॉजिस्टिक पावरहाउस बनेगा और उद्योग, लॉजिस्टिक्स, रोजगार और जलमार्ग कनेक्टिविटी होगी। प्री फिजीबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान एवं गुजरात सहित आसपास के क्षेत्रों में 50 हजार से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

**लॉजिस्टिक हब बनने का रास्ता–**

- लूनी-जवाई बेसिन और जालोर-बाड़मेर क्षेत्र में कपड़ा, पत्थर, कृषि उत्पाद, आयलशीड, ग्वार, दालें व बाजरा जैसी बड़ी ट्रेडिंग गतिविधियाँ होती हैं। साथ ही रिफाइनरी परियोजना भी नजदीक ही है।
- कार्गो का बड़ा हिस्सा जलमार्ग से होने से सड़क और रेल पर भार कम होगा।
- माल ढुलाई क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। भारी एवं बड़े आकार के माल की आवाजाही सरल होगी, जिससे नई इंडस्ट्री स्थापित होने के रास्ते खुलेंगे।

**राष्ट्रीय जलमार्ग-48, मुंबई में एमओयू–**इनलैंड पोर्ट निर्माण को लेकर मुंबई में राजस्थान रिवर बेसिन एवं जल संसाधन आयोजना प्राधिकरण और भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण के बीच एमओयू हुआ। जवाई-लूनी-रन ऑफ कच्छ नदी प्रणाली को राष्ट्रीय जलमार्ग की चौड़ाई 45 मीटर और गहराई 8 मीटर प्रस्तावित है। राजस्थान में इसका करीब 14 किमी हिस्सा होगा। इसका सर्वे आइआइटी मद्रास कर रहा है।

**Newspaper of 20 November, 2025**

## ■ राजस्थान कैबिनेट ने महत्त्वपूर्ण फैसले लिए : प्रवासी राजस्थानियों के लिए नया विभाग ''राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग'' बनेगा; ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर 3 शहरों में खुलेंगे–

19 नवम्बर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में युवाओं, प्रवासी राजस्थानियों, उद्योग और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े फैसले लिए गए। कैबिनेट ने 'राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग' की गठन और राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी 2025 का अनुमोदन किया। साथ ही आरवीयूएनएल और सिंगरेनी कोलियरीज के जॉइंट वेंचर कंपनी को भी मंजूरी दी। सोलर एनर्जी के लिए बीकानेर में 161.45 हैक्टेयर भूमि, चित्तौड़गढ़ के खरनाई में 356.25 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई। विद्युत उत्पादन निगम व सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की जॉइंट कंपनी बनेगी। यह जेवी खदान स्थल पर 9600 करोड़ रुपए की लागत से 800 मेगावाट की कोयला आधारित विद्युत परियोजना और राजस्थान में 6000 करोड़ की लागत से 1500 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाएगी।

**प्रवासी राजस्थानी मातृभूमि से जुड़ेंगे–**उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग होने से प्रवासी राजस्थानियों के मुद्दों का समाधान होगा। प्रवासी राजस्थानी दिवस और सम्मान समारोह आयोजित होगा, एक्सचेंज प्रोग्राम चलाएगा, प्रवासी एसोसिएशनों के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल संचालित करेगा। इससे प्रवासियों को मातृभूमि से जोड़ा जाएगा। विश्व पटल पर 'ब्रांड राजस्थान' को प्रोत्साहन मिलेगा।

**2030 तक 200 ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर होंगे–**कैबिनेट ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी-2025 को मंजूरी दी। इस नीति का लक्ष्य 2030 तक 200 से अधिक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित करना। इससे करीब डेढ़ लाख रोजगार सृजित होंगे। प्रदेश के जयपुर, उदयपुर और जोधपुर को जीसीसी हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

**उद्योगों को 10 करोड़ तक की सब्सिडी–**

- परियोजना लागत पर 30% या 10 करोड़ तक सब्सिडी
- भूमि/लीज लागत पर 50% की रियायत
- कर्मचारियों के वेतन पर पहले 3 साल 30% पेरोल सब्सिडी
- किराए पर चलने वाले जीसीसी को पहले 3 साल 50% और अगले 2 साल 25% किराया सहायता
- प्रशिक्षण लागत पर 50 फीसदी (अधिकतम 2.5 करोड़) तक प्रतिपूर्ति
- स्टांप ड्यूटी और बिजली शुल्क पर भी छूट दी जाएगी।

## ■ पीएसएस व एमआईएस के प्रस्तावों को मंजूरी दी; राज्य में मूंग, उड़द और मूंगफली की रिकॉर्ड स्तर पर खरीद होगी–

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान को खरीफ 2025-26 के मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) और बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। केन्द्र की मंजूरी के बाद प्रदेश में लगभग 9 हजार 436 करोड़ के न्यूनतम

समर्थन मूल्य से मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन की रिकॉर्ड खरीद होगी। इससे किसानों को बाजार में गिरते दामों से सुरक्षा मिलेगी और आय का सीधा लाभ मिलेगा।

**किसानों के लिए फैसला–**

- एमएसपी पर इतनी बड़ी मात्रा में पहली बार खरीद।
- फसलों के बाजार भाव गिरने पर भी किसानों की आय सुरक्षित।
- खरीफ सीजन में नकदी प्रवाह बढ़ेगा।
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभ।
- मंडियों में अनिश्चितता कम होगी।

**इन फसलों की होगी खरीद–**राजस्थान के किसानों के लिए 4 फसलों मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन की रिकॉर्ड स्तर पर खरीद को मंजूरी दी गई है। इसके तहत मूंग 3 लाख 5 हजार 750 मीट्रिक टन, उड़द 1 लाख 68 हजार मीट्रिक टन (100 प्रतिशत), मूंगफली 5 लाख 54 हजार 750 मीट्रिक टन तथा सोयाबीन की 2 लाख 65 हजार 750 मीट्रिक टन स्वीकृत पात्र मात्र है। इनका कुल एमएसपी मूल्य 9 हजार 436 करोड़ रुपए है।

## ■ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में राजस्थान 5वें स्थान पर–

19 नवम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु (कोयम्बटूर) से 'पीएम-किसान' की 21वीं किस्त जारी की। इसका राज्य-स्तरीय कार्यक्रम अजमेर (कृषि विज्ञान केन्द्र) में आयोजित किया गया।

लाभान्वित किसानों की संख्या के मामले में राजस्थान का देश में 5वाँ स्थान है। 21वीं किस्त के तहत प्रदेश कि किसानों के खातों में, लगभग ₹1400 करोड़ हस्तान्तरित किए गए।

**राज्य सरकार का अतिरिक्त योगदान–**

- कुल सहायता : राजस्थान सरकार केन्द्र की ₹ 6000 की राशि के अतिरिक्त ₹ 3000 अपनी ओर से दे रही है।
- **वर्तमान स्थिति** : अब किसानों को कुल ₹ 9000 प्रति वर्ष मिल रहे हैं (दिसम्बर, 2005 में इसे ₹ 12000 तक बढ़ाने की घोषणा की गई है।)

**Newspaper of 22 November, 2025**

## ■ राजस्थान में 3440 ग्राम पंचायतें और बढ़ाने की अधिसूचना जारी की गई; बढ़ोतरी के बाद पंचायत समिति 437 व ग्राम पंचायत 14781 हुईं।

प्रदेश में नगरीय निकायों के बाद अब पंचायतों के परिसीमन का काम भी पूरा हो गया है। इसके साथ ही सरकार ने लंबे समय से अटके कार्य व पंचायत चुनाव के लिए एक कदम और बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट की ओर से 31 दिसंबर तक परिसीमन का काम पूरा कराकर 15 अप्रैल तक निकाय व पंचायत चुनाव कराने का निर्देश दिए गए।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अधिसूचना के अनुसार प्रदेश में 85 नई पंचायत समितियाँ और लगभग 3440 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई है। इसके बाद पंचायत समितियों की संख्सा 437 और ग्राम पंचायतों की संख्या 14781 हो गई है। यह अब तक का सबसे बड़ा विस्तार है। अब सरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंचों के हजारों नए पद सृजित होंगे। आगामी चुनाव भी नई परिसीमन सीमाओं में होंगे। जिला परिषदों की संख्या भी 33 से बढ़ाकर 41 की गई है।

## ■ राज्य सरकार ने 41 जिलों में पंचायतों के पुनर्गठन की अधिसूचना जारी की–

21 नवम्बर, 2025 को राजस्थान सरकार ने प्रदेश के 41 जिलों में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन और नई पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी की, जिससे राज्य का पंचायती राज ढांचा बदल गया है।

**जिलावार प्रमुख परिवर्तन–**

- **सर्वाधिक/न्यूनतम–**सबसे अधिक 270 नई पंचायतें बाड़मेर में और सबसे कम झालावाड़ (19) में बनीं।
- नाम परिवर्तन–नगर पंचायत समिति (डीग)–अब ब्रज नगर सम पंचायत समिति (जैसलमेर)–अब खुहड़ी।
- **समाप्त समितियाँ–**सीकरी (डीग) और भनोखर (अलवर) को समाप्त कर दिया गया है।

## ■ राजस्थान के सांवला राम विश्नोई को मरणोपरांत राष्ट्रपति वीरता पदक मिला–

21 नवंबर, 2025 को बाड़मेर (बांड निवासी) के बीएसएफ के जांबाज सांवला राम विश्नोई को गुजरात के भुज में आयोजित सीमा सुरक्षा बल के हीरक जयंती समारोह में मरणोपरांत 'राष्ट्रपति वीरता पदक' से सम्मानित किया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीएसएफ महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने यह सम्मान उनकी वीरांगना पत्नी रुक्मण देवी को प्रदान किया।

सांवला राम ने 26 जुलाई, 2022 को कांगो (UN Mission) में प्रदर्शनकारियों के हमले का सामना करते हुए अदम्य साहस के साथ सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्हें पूर्व में UN मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है।

**Newspaper of 23 November, 2025**

## ■ उदयपुर को 'बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन' अवॉर्ड मिला–

22 नवम्बर, 2025 को नई दिल्ली में झीलों की नगरी उदयपुर ने आउटलुक ट्रैवलर अवॉर्ड्स 2025 में एक बार फिर

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

अपनी बादशाहत साबित करते हुए 'बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन' का खिताब जीता।
देश की लगभग 70% हेरिटेज प्रॉपर्टीज राजस्थान में हैं और 120 से अधिक वेन्यू नियमित शादियों की मेजबानी करते हैं। उदयपुर वैश्विक स्तर पर शीर्ष 5 वेडिंग डेस्टिनेशन्स में शामिल है।

## Newspaper of 24 November, 2025

### ■ देश में पहली बार आयोजित 'वेदांता टूर डी थार' अन्तर्राष्ट्रीय साइक्लिंग रेस हुई–

23 नवम्बर, 2025 को देश में पहली बार 200 किमी लंबी 'वेदांता टूर डी थार' अन्तरराष्ट्रीय साइक्लिंग रेस का आयोजन बीकानेर में किया गया। इसका आयोजन 'सांसद खेल महोत्सव 2025' के तहत हुआ।

**स्थान एवं शुभारम्भ–**

- **रूट–**नौरंगदेसर से देसलसर (अमृतसर-जामनगर भारतमाला एक्सप्रेस-वे)।
- **शुभारम्भ–**केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया।
- **विशेषता–**भारत में पहली बार 200 किमी लंबी अन्तरराष्ट्रीय रेस आयोजित हुई (आमतौर पर 50-60 किमी होती है)।

## Newspaper of 25 November, 2025

### ■ खेलो इंडियो यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 का शुभारंभ हुआ–

- (5वें) खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) 2025 का भव्य उद्घाटन 24 नवम्बर, 2025 को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुआ। यह 24 नवम्बर-5 दिसम्बर, 2025 तक चलेंगे इन खेलों का मेजबानी राजस्थान ने की है।
- यह पहली बार है जब राजस्थान इस स्तर की मल्टी-स्पोर्ट प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। 'KIUG' का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI), राजस्थान सरकार, राज्य क्रीडा परिषद, भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) और राष्ट्रीय खेल महासंघों के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। पूर्णिमा विश्वविद्यालय इस पूरे इंवेट का होस्ट विश्वविद्यालय है। 'केआईयूजी 2025' में कुल 4448 खिलाड़ी, 222 विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मेजबान राजस्थान के दल में 163 पुरुष और 72 महिला खिलाड़ी शामिल है।
- **सम्मिलित खेल–**केआईयूजी में कुल 24 खेलों में 23 पदक विजेता खेल एक प्रदर्शन खेल (खो-खो) शामिल है। इन 23 स्पर्द्धाओं में 296 स्वर्ण पदक दांव पर हैं।
- नई जोड़ी गई स्पर्धाएँ (पहली बार KIUG में)–बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग व कयाकिंग, साइक्लिंग

## Newspaper of 27 November, 2025

### ■ राजस्थान राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार-2025 में तीन अवॉर्ड के साथ शीर्ष पर रहा–

26 नवम्बर, 2025 (राष्ट्रीय दुग्ध दिवस) को नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में दिए गए 'राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (NGRA) 2025' में राजस्थान के देश में सर्वाधिक तीन प्रमुख श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर इतिहास रचा है।

**विजेता और श्रेणियाँ–**

- **बेस्ट डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी–**घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, जयपुर (पुरस्कार : ₹ 3 लाख)।
- **बेस्ट डेयरी फॉर्मर** : हर्षित झुरिया, सीकर (पुरस्कार : ₹ 2 लाख)
- **बेस्ट एआई (AI) टेक्नीशियन** : विकास कुमार, हनुमानगढ़ (मेरिट सर्टिफिकेट)।

## Newspaper of 28 November, 2025

### ■ अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 में राजस्थान 'पार्टनर स्टेट' बना–

14-27 नवम्बर, 2025 को आयोजित 'अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला' (IITF) में राजस्थान को इस वर्ष 'पार्टनर स्टेट' का प्रतिष्ठित दर्जा प्रदान किया गया।

**आयोजन विवरण–**

- **आयोजक** : इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (ITPO)
- **थीम** : 'एक भारत श्रेष्ठ भारत'।
- **राजस्थान मंडप** : 'राजसिको' (RAJSICO) द्वारा निर्मित इस मंडप में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ODOP) वॉल और राज्य की औद्योगिक प्रगति प्रदर्शित की गई।
- **राजस्थान दिवस** : मेले के दौरान 18 नवम्बर, 2025 को राजस्थान दिवस मनाया गया।
- **सांस्कृतिक एकीकरण** : 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत राजस्थान और असम का एकीकरण आकर्षण का केन्द्र रहा, जिससे दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 29 November, 2025

- **28 नवम्बर, 2025 को राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने आदेश जारी कर प्रो. मदन मोहन झा को जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। राज्यपाल ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है। कुलगुरु पद पर यह नियुक्ति प्रो. मदन मोहन झा के कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) की है।**

## Newspaper of 30 November, 2025

- **29 नवम्बर, 2025 को जैसलमेर-दिल्ली (शकूरबस्ती) नई रेलसेवा का शुभारम्भ जैसलमेर रेलवे स्टेशन से किया गया। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नई रेल सेवा का नाम स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस घोषित किया।**

- **देशव्यापी संतृप्ति अभियान में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर रहा–**

केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएँ विभाग द्वारा चलाए गए देशव्यापी संतृप्ति अभियान (1 जुलाई-31 अक्टूबर, 2025) में राजस्थान 1.28 करोड़ लाभार्थियों के साथ देश में दूसरे स्थान पर रहा, जबकि उत्तर प्रदेश 1.30 करोड़ के साथ प्रथम रहा। महाराष्ट्र (1 करोड़, 40 हजार), बिहार (97.53 लाख) और आन्ध्रप्रदेश (91.50 लाख) क्रमशः तीसरे, चौथे और पाँचवे स्थान पर रहे।

अभियान का मकसद हर ग्राम पंचायत तक बैंकिंग (Banking), बीमा (Insurance) और पेंशन (Pension) सेवाएँ पहुँचाकर पात्र नागरिकों को सामजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना तथा।

- **उदयपुर को 'सिटी विद द बेस्ट नॉन-मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम' श्रेणी में पुरस्कार मिला–**

हाल ही में उदयपुर को 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया (UMI) कॉन्फ्रेंस-2025 में 'अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इन अर्बन ट्रांसपोर्ट' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उदयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने प्राप्त किया।

**पुरस्कार की श्रेणी–**

- **श्रेणी :** 'सिटी विद द बेस्ट नॉन-मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम'।
- **आधार :** गैर-मोटर चालित परिवहन (पैदल चलना व साइकिलिंग) को बढ़ावा देना।

**मुख्य उपलब्धियाँ–**

- **इन्फ्रास्ट्रक्चर :** शहर में 14.5 किमी लंबे साइकिलिंग ट्रैक और डॉकिंग याड्र्स।
- **सुविधा :** 400 सार्वजनिक साइकिलें उपलब्ध।
- **प्रमुख क्षेत्र :** फतहसागर झील, हिरण मगरी और बलिचा स्मार्ट रोड।

- **झुंझुनूं में 4500 वर्ष पुरानी सभ्यता के पुरातात्विक प्रमाण मिले–**

हाल ही में राजस्थान के झुंझुनूं जिले के बांसियाल गाँव के पास हाल ही में हुए उत्खनन में लगभग 4500 वर्ष पुरानी सभ्यता के अवशेष मिले हैं। पुरातत्व विशेषज्ञों के अनुसार, यह स्थल ताम्रपाषणिक संस्कृति से जुड़ा है और इसे प्रसिद्ध गणेश्वर सभ्यता का ही विस्तार माना जा रहा है।

**उत्खनन में प्राप्त प्रमुख अवशेष–**

- यहाँ पहली बार स्पष्ट आवासीय ढाँचे मिले हैं, जो एक संगठित बस्ती की ओर इशारा करते हैं।
- **घरेलू वस्तुएँ :** मिट्टी का चूल्हा, स्टोरेज पिट, हड्डी के औजार व आभूषण और ताँबे की अंगूठी।
- **निर्माण शैली :** यहाँ लाइम पाउडर (चूना) से बनी दीवारें मिली हैं, जो उन्नत घरेलू जीवन का प्रमाण हैं।

**व्यापारिक संबंध एवं महत्त्व–**

- **बाहरी संपर्क :** यहाँ कार्नेलियन पत्थर के मनके मिले हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि इस सभ्यता के लोगों का गुजरात और हड़प्पा सभ्यता के साथ व्यापारिक रिश्ता था।
- **सांस्कृतिक केन्द्र :** यह स्थल हरियाणा, गुजरात और राजस्थान के अन्य इलाकों के बीच प्रारंभिक अंतर-सांस्कृतिक संपर्क का केन्द्र था।

**शोधकर्त्ता–**इस महत्त्वपूर्ण शोध का नेतृत्व डॉ. ईशा प्रसाद और डॉ. श्वेता सिन्हा देशपांडे ने किया है।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**50 वर्षों** से आपका विश्वसनीय


## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें


( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )









## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें























संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com